सायबर अपराध से जागरूकता के महा अभियान सेफक्लिक 2 .0 का समापन

सोशल मीडिया के माध्यम से बुरहानपुर पुलिस द्वारा 15 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचा सेफक्लिक 2 .0 अभियान।

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। मध्यप्रदेश शासन और पुलिस मुख्यालय के निर्देशन और पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण जोन के मार्गदर्शन में बुरहानपुर पुलिस के द्वारा जिले भर में चलाया जा रहा 15 दिवसीय विशेष सायबर जागरूकता अभियान सेफक्लिक 2.0 आज 08 जुलाई को अत्यंत गरिमामय और प्रभावी ढंग से संपन्न हुआ। 24 जून से शुरू हुए इस महाअभियान ने न केवल साइबर अपराधों के खिलाफ्बुरहानपुर को एक सुरक्षा कवच दिया है, बल्कि मध्य प्रदेश पुलिस के मानवीय और संवेदनशील चेहरे को भी जनता के सामने प्रदीप्त किया है।

अभियान के मुख्य आकर्षण एवं गतिविधियाँ :- अभियान के दौरान आए मुहर्रम के पवित्र महीने को बुरहानपुर पुलिस ने एक चुनौती के बजाय अवसर के रूप में लिया। सुरक्षा व्यवस्था के साथ.साथ पारंपरिक ताज़िया जुलूसश् के दौरान सेफ क्लिक अभियान अभूतपूर्व तालमेल के साथ किया गया कि कानून.व्यवस्था भी सुदृढ़ रही और त्योहार के उल्लास के बीच लाखों लोगों तक साइबर सुरक्षा का संदेश भी पहुंचा।

हर नागरिक बना पुलिस का सहभागी:-यह अभियान केवल पुलिस विभाग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे एक जन.आंदोलन का रूप दिया गया। इसके तहत स्कूल और कॉलेजों में जाकर बच्चों को खेल.खेल में, क्विज के माध्यम से और व्यावहारिक तरीकों से साइबर ठगी से बचने के तरीके सिखाए गए। जन प्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, ग्राम पंचायतों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और ज़मीनी स्तर पर ग्राम कोटवारों को इस अभियान की रीढ़ बनाया । ताकि गांव गांव, शहर के कोने कोने तक जागरूकता संदेश प्रसारित हो । बैंकिंग संस्थानों के साथ मिलकर आम नागरिकों को ऑनलाइन फ्रॉड और फिशंग के प्रति सचेत किया गया।

डिजिटल क्रांति: रील मेकर्स और इन्फ्लुएंसर्स से कोलाबोरेशन एवं कंटेंट कस्टमाइजेशन :- बुरहानपुर पुलिस ने आधुनिक डिजिटल उपकरणों का रणनीतिक उपयोग करते हुए इस अभियान को व्यापक विस्तार दिया। स्थानीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और रचनात्मक कंटेंट क्रिएटर्स युवाओं एवं बच्चों के साथ ऑफिशियल कोलैबोरेशन किया गया। इस अनूठे समन्वय का परिणाम यह रहा कि बुरहानपुर पुलिस के जन.जागरूकता संदेशों ने सोशल मीडिया पर रिकॉर्ड रीच और एंगेजमेंट हासिल की।

लक्ष्य.आधारित कंटेंट रणनीति:-इन्फ्लुएंसर्स और युवाओं से प्राप्त फीडबैक के आधार पर पुलिस ने अपनी संवाद शैली में बड़ा बदलाव किया है। वर्तमान पीढ़ी, विशेषकर की मानसिक सोच, डिजिटल प्राथमिकताओं और उनकी आवश्यकताओं को केंद्रित कर विशेष कंटेंट तैयार किया गया, जिससे युवा वर्ग पुलिस के संदेशों से सीधे जुड़ सका।

केस.स्टडी आधारित जागरूकता:-अभियान के दौरान थ्योरिटिकल सैद्धांतिक बातों के बजाय, बुरहानपुर जिले में हाल ही में घटित हुई साइबर ठगी की वास्तविक घटनाओं और उनके तौर.तरीकों को उजागर किया गया। वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने से आमजन में साइबर खतरों को भांपने और उनसे बचने की व्यावहारिक क्षमता विकसित हुई है, जिससे युवाओं और नागरिकों में पुलिस प्रशासन के प्रति एक नया विश्वास सुदृढ़ हुआ है।

सड़कों पर उतरी खाकी:-जिले के प्रत्येक थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी ने अपने.अपने क्षेत्रों में कमान संभाली। पुलिस बल द्वारा निकाली गई भव्य रैलियों ने जनता में सुरक्षा का भाव पैदा किया। अभियान के दौरान जिले भर में आमजन को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

साइबर अपराधों से सुरक्षा में नागरिको की सजगता की महत्वपूर्ण भूमिका है । श्सेफ क्लिक 2.0 का समापन आज जरूर हो रहा है, लेकिन साइबर अपराधियों के खिलाफ हमारी यह मुस्तैदी निरंतर जारी रहेगी। बुरहानपुर की जागरूक जनता, मीडिया जगत और दिन.रात मैदान में डटे रहे हमारे पुलिस स्टाफके सहयोग से ही हम इस अभियान को एक नए मुकाम पर ले जा पाए हैं। हम एक सुरक्षित और साइबर.स्मार्ट बुरहानपुर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

नावरा डकैती का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले के नावरा क्षेत्र में हुई डकैती के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वारदात के मुख्य आरोपी को घटना के करीब तीन महीने बाद गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान धार जिले के निवासी रायचंद पिता फत्तू सिंह 35 के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार 4 अप्रैल को फरियादी रमेश सिंह ठाकुर निवासी नेपानगर ग्राम डाभियाखेड़ा के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल रोककर सोने.चांदी के आभूषण और अन्य सामान लूट लिया था। मामले में चौकी नावरा, थाना नेपानगर में डकैती का केस दर्ज किया गया था।

तीन महीने से था फरार:-जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया थाए जबकि मुख्य आरोपी रायचंद करीब तीन महीने से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में नेपानगर पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर की सूचना और साइबर सेल की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस की।

पुलिस टीम ने आरोपी को धार जिले के कुक्षी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है ।

वार्ड नंबर 11 में गार्डन बना तालाब, पालिका की अनदेखी से लोग परेशान

नवभारत न्यूज, नेपानगर। नगर के वार्ड नंबर 11 में बने गार्डन में पानी की निकासी नहीं बनाई गई और गार्डन का काम पूरा होने को है, ऐसे में बारिश के पानी से गार्डन के निचले हिस्से में पानी भर गया है। अब जाकर इंजीनियर और ठेकेदार को याद आया तो एक पाइप डाल दिया गया जिसे गार्डन के बाहर तक डालना था, लेकिन अंदर ही डाला है। पानी गार्डन की दीवार से नीचे से बह रहा है। रहवासियों ने कहा आने वाले कुछ महीनो में गार्डन की दीवार ऐसी रहने पर पानी बहता रहा तो तेज बारिश में दीवार के टूटने की भी संभावना है ।

रहवासियों ने जताया लापरवाही पर आक्रोश:-नगर पालिका की कार्यप्रणाली से क्षेत्र के रहवासियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि नपा ने यहां लापरवाही बरती। इंजीनियर न जाने किस तरह का काम कर रहे है। पीडीएमसी कंसलटेंट कंपनी जो गार्डन की गुणवत्ता देख रही थी कहीं ना कहीं सवाल खड़े करते हैं कि कंपनी कौन सी गुणवत्ता देख रही थी।

बच्चे खतरे से अनजान, हो सकता है हादसा:-गार्डन में बरती जा रही लापरवाही से लोग खासे परेशान हैं और इसे लेकर लगातार शिकायत भी कर रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। रहवासियों का कहना है कि यहां बच्चे भी खेलते हैं जो खतरे से अनजान हैं। यहां तालाब जैसी स्थिति बनी हुई है। बारिश के पानी से पूरा गार्डन भर गया है। नगर पालिका अध्यक्षए इंजीनियर का इस तरफध्यान नहीं है।

आपदा प्रबंधन के लिए 150 युवाओं का चयन

नवभारत न्यूज, नेपानगर। आपदा प्रबंधन में निशुल्क सेवाएं देने के लिए शहर के 150 युवाओ का चयन किया गया है जो अब ट्रेनिंग लेंगे। दरअसल सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, होमगार्ड्स, नागरिक सुरक्षा व आपदा प्रबंधन ने वालंटियर तैयार करने के लिए अभियान चलाया। यह वालंटियर बाढ़, प्राकृतिक आपदा की स्थिति में मौके पहुंचकर बचाव कार्य में मदद करेंगे। होगार्ड्स आपदा प्रबंधन के प्लाटुन कमांडर जितेंद्र सिंह तोमर ने बताया नेपानगर में 150 युवाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया। उन्हें प्रशिक्षण भी देना शुरू कर दिया गया है। यह प्रशिक्षण सात दिन का होगा। कहीं भी घटना घटित होती है तो वालंटियर वहां पहुंचकर प्राथमिक कार्रवाई में मदद करेंगे।

ग्राम बदनापुर का जर्जर यात्री प्रतीक्षालय, हादसे का इंतजार

नवभारत न्यूज, नेपानगर। ग्राम बदनापुर में वर्षों पहले बना यात्री प्रतीक्षालय पूरी तरह जर्जर हो चुका है। भवन की छत और दीवारों में दरारें पड़ गई हैं तथा जगह जगह से प्लास्टर झड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह प्रतीक्षालय कभी भी भरभराकर गिर सकता हैए जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ऐसे जर्जर प्रतीक्षालयों को लेकर पहले भी कई स्थानों पर सुरक्षा संबंधी चिंताएं सामने आ चुकी हैं।

लगातार हो रही बारिश के कारण ग्रामीणों, विद्यार्थियों, महिलाओं और यात्रियों को मजबूरी में इसी जर्जर प्रतीक्षालय के नीचे खड़ा होकर बस का इंतजार करना पड़ रहा है। तेज बारिश और धूप से बचने के लिए लोगों के पास कोई दूसरा सुरक्षित विकल्प नहीं है।

ग्रामीणों का कहना है कि हर दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता हैए लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा इसकी मरम्मत या नए प्रतीक्षालय के निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि किसी अनहोनी का इंतजार करने के बजाय तत्काल इस जर्जर यात्री प्रतीक्षालय का निरीक्षण कराया जाए। यदि भवन असुरक्षित पाया जाए तो उसे हटाकर नया और मजबूत प्रतीक्षालय बनाया जाए, ताकि बारिश के मौसम में लोगों को सुरक्षित आश्रय मिल सके और किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

एक नजर में

आर्ट ऑफ लिविंग का सत्संग आज

बुरहानपुर। आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ़लिविंग का सत्संग आज गुरुवार रात्रि 9 बजे लालबाग रोड पर स्थित श्रीकृष्ण मंगल परिसर के सामने संस्था के सदस्य प्रमोद गाड़िया के निवासीय परिसर में होगा। संस्था के केंद्र प्रमुख संतोष देवताले व अंकित गाड़ीया ने बताया कि सत्संग में व्यक्ति विकास केंद्र के साधक भरत श्रॉफ, भरत रावल, राजेंद्र पवार दीपाली पंडित, राजरानी मेहता ईश्वरीय आराधना और गुरू भक्ति पर आधारित मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देंगे। प्रशिक्षक रविंद्र पंडित ने बताया कि सतसंग में आगामी सप्ताह में प्रारंभ होने वाले हैप्पीनेस प्रोग्राम और इंट्यूशन प्रोसेस शिविर की जानकारी उपस्थित साधकों को दी जाएगी तथा गुरुवाणी में ध्यान क्रिया भी कराई जाएगी। संस्था से जुड़े योगेश श्रॉफ, लक्ष्मण मित्तल, पवन लाठ ने समस्त संस्था सदस्यों और नगरवासियों से सत्संग में उपस्थित का आग्रह किया है।

नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाईया वितरण

बुरहानपुर । भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बुरहानपुर एवं बोरले हॉस्पिटल बुरहानपुर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक . 09,10 व 11 जुलाई 2026 को समय दोपहर 2 बजे 5 बजे तक , सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ,सरस्वती नगर, बुरहानपुर में जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाईया वितरण शिविर का आयोजन किया गया है।

श्री इच्छादेवी परिसर में ट्रस्ट द्वारा 2 लाख से जीम

इच्छापूर। जिले की प्रसिद्ध श्री इच्छा. देवी माता के मंदीर पर पर्यटकों के लीए ट्रस्ट द्वारा दो लाख रुपया के बच्चों को खेलने के लीए झुले ,जिम्म, एक्सरसाइज के उपकरण उपलब्ध कराये गाए है। जिससे दर्शनार्थीयो के लीए भी माता के दर्शन करने के पश्चात यहां पर मंदीर परिसर में विश्राम करने और मनोरजन भी होगा। यह सब दानदाताओं द्वारा दी गई राशी से ही संभव हो सका है। मंदीर पर प्रति दिन श्रद्धालु ओ की संख्या बडती जा रही है। माता के दर्शन करने पर अपनी मनो कामना पूर्ण होनी है। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष भागवराव महाजन, रविद्र चौरडीया, संजय पवार, रामभाऊ यावलकर, सुभाष पंडीत ,संतोष नाना सहीन कर्मचारी ,वृद्ध एवं श्रद्वालु मौजूद थे।

विद्यालय के कमरों में टपक रहा वर्षा का पानी

इच्छापूर। बारिश के मोसम मे शासकीय माध्यमिक विद्यालय बारिश आने से पर सभी कमरे टपक रहे है। जिसके कारण बच्चो को बैठेने में परेशानी परेशानी हो रही है। वही सभी कमरे जर्जर अवश्था में पड़े है। कमरे को दरारे पड गई है। कई कमरो के तो सरीये निकल गए है। बारिश के दिनों मे कभी भी बड़ा हादसा होने की शंका व्यक्त कि जा रही है। शिक्षा विभाग इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। किसी कमरे के दरवाजे पूरे टुटे पड़े है। यह समस्या तो तीन सालो से देखी जा रही है। यहां तक कि जहां बच्चो का भोजन बनाय जाता है। वहां भी कमरा टपक रहा है। इतना सब कुछ होने के बाद भी जिम्मेदार ध्यान देने को तैयार नहीं है?। जिला एवं शिक्षा विभाग इस ओर ध्यान देने की पहल करे।

सिंधीपुरा वार्ड में जर्जर मकान को गिराया

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। नगर निगम द्वारा शहर के जर्जर एवं खतरनाक भवनों के खिलाफ चलाया जा रहा विशेष अभियान बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। अभियान के तहत सिंधीपुरा वार्ड स्थित सोनार पट्टी चौराहे के समीप एक अत्यंत जर्जर मकान को बुलडोजर की सहायता से हटाया गया।

नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि संबंधित भवन के स्वामी शैलेश पिता रामअवतार चौरसिया एवं अन्य को कई वर्षों से नियमित रूप से भवन हटाने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे थेए लेकिन निर्धारित समय सीमा तक भवन नहीं हटाया गया। निगम के इंजीनियरों द्वारा निरीक्षण में मकान अत्यंत जर्जर एवं खतरनाक स्थिति में पाया गया। मानसून के दौरान इसके कभी भी ढहने से जन.धन की हानि की आशंका को देखते हुए मोहल्लेवासियों की उपस्थिति में निगम अमले ने भवन को सुरक्षित तरीके से ध्वस्त करने की कार्रवाई की।

महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने नागरिकों से अपील की कि जिनके स्वामित्व में जर्जर या खतरनाक भवन हैं, वे उन्हें स्वयं शीघ्र हटवा लें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना और जनहानि से बचा जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्देशों की अनदेखी करने वाले भवन स्वामियों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए भवन खाली कराकर उन्हें तोड़ा जाएगा।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर के सभी जर्जर भवनों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। मानसून के मद्देनज़र नगर निगम का अमला शहरभर में पुराने एवं क्षतिग्रस्त भवनों का सर्वे भी कर रहा हैए ताकि संभावित दुर्घटनाओं को समय रहते रोका जा सके। कार्रवाई के दौरान सहायक यंत्री गोपाल महाजन, विक्रांत बार कुंवर, अभिषेक रघुवंशी, संजय तिवारी, राजपति यादव सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का स्थापना दिवस मनाया

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली, मालवा प्रान्त का स्थापना दिवस शासकीय महाविद्यालय धुलकोट में भारतीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया । यह कार्यक्रम शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मालवा प्रांत के जिला संयोजक डॉ कृष्णा मोरे एवं यश दुबे के मार्गदर्शन में किया गया। शासकीय महाविद्यालय धुलकोट के डॉ रविन्द्र पवार ने शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के स्थापना दिवस पर भारतीय ज्ञान परम्परा और शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास मालवा प्रान्त बुरहानपुर जिला संयोजक डॉ कृष्णा मोरे ने 2 जुलाई को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मालवा प्रांत के स्थापना दिवस को भारतीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्री ओमप्रकाश शर्मा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सह संयोजक, राष्ट्रीय संयोजक आत्मनिर्भर भारत का दायित्व हैं। 2 जुलाई को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास अपना स्थापना दिवस भारतीय शिक्षा दिवस के रूप में मना रहा है। यह केवल एक दिवस का औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा के मूल स्वरूप को पुन: प्रतिष्ठित करने का संकल्प दिवस है आवश्यकता इस बात की है कि प्रत्येक शिक्षण संस्थान अपने दैनिक जीवन, शिक्षण पद्धति और परिसर की संस्कृति में भारतीयता का समावेश करने का ठोस प्रयास करे। झाबुआ में आपका शारदा समूह शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार कर रहा है, आपके शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार से शिक्षा, समाज को प्रेरणा मिल रही हैं। जिसका अनुसरण देश, विदेश के शिक्षा संस्था और युवा पीढ़ी भी कर रही हैं। आपका मार्गदर्शन शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के लिए अमूल्य धरोहर है। श्री रामसागर मिश्र शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मालवा प्रांत के सह संयोजक मध्य क्षेत्र का नेतृत्व भी हमारे लिए प्रेरणादायक है। डॉ कृष्णा मोरे ने बताया कि 2 जुलाई 2004 को शिक्षा बचाओ के लिए जो आंदोलन का प्रारंभ हुआ, इसी कड़ी में वर्ष 2007 में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का प्रारंभ हुआ । शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का विचार सूत्र है. देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा, मां मातृभूमि एवं मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं है, समस्या नहीं समाधान की चर्चा करें।

खरीफ- 2026 के लिए 31 जुलाई तक करे पंजीयन

फसल नुकसान के संबंध में टोल फ्रिनम्बर 14447 पर 72 घण्टे के भीतर दे सूचना

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ2026 के लिये पंजीयन प्रारंभ हो चुके है एवं किसान 31 जुलाई 2026 तक फसल बीमा का पंजीयन करा सकते है। बीमा के लिये संबंधित बैंक शाखाए सीएससी सेन्टर, भारत सरकार के पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन कराने के लिये किसानों को अपना स्वयं का आधार कार्ड, खसरा खतोनी की प्रतिलिपि, राजस्व विभाग / पंचायत / स्वयं प्रमाणित द्वारा जारी बुआई प्रमाण पत्र, किरायेदार किसानों के लिये लागु अनुबंध/समझौते के लिये शपथ पत्र की प्रति, बैक पास बुक के पहले पन्ने की छायाप्रति आदि दस्तावेज की आवश्यकता अनिवार्य रहेगी।

कृषि उपसंचालक श्री देवके ने बताया कि बीमा योजनान्तर्गत फसल की अवधि में क्षेत्र आधारित प्राकृतिक आपदा के कारण नुकसान की स्थिति मेंए वास्तविक उपज में कमी होने की स्थिति में, खडी फसल में हानि, व्यापक आधार पर होने पर तथा व्यक्तिगत आधार पर खड़ी फ सलों में ओला वृष्टि, जलभराव, बादल फटना, आकाशीय बिजली से उत्पन्न आग के कारण क्षति के स्थिति म, फसल कटाई के बाद आगामी 14 दिनो तक खेत में सुखने हेतु रखी गई फसल को ओला वृष्टिए बेमौसम बारिश से क्षति होने की स्थिति में किसान बीमा में प्राप्त करने के लिये पात्र होगें। सोयाबीन के लिये प्रति हे। रूपये 926/- ,मक्का के लिये प्रति हेक्टर रूपये 740/-,तुअर के लिये रूपये 778/- तथा कपास के लिये रूपये 3000/-कृषक प्रिमियम राशि है। किसान फसल नुकसान के संबंध में टोल फ्रि नम्बर 14447, संबंधित बैंक शाखा, कृषि विभाग एवं क्राप इंशोरेंस एप पर सूचना 72 घण्टे के भीतर भेज सकते है।

एक नजर | **गुणवत्ता, यातायात प्रबंधन और समय .सीमा पर दिए कड़े निर्देश .....**

54 .13 करोड़ की लागत के सिंधीबस्ती से लोनी सीमा तक मार्ग निर्माण पर विधायक का सख्त रुख

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले की यातायात व्यवस्था को नई गति देने वाली बहुप्रतीक्षित सड़क परियोजना को लेकर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए बुरहानपुर के सिंधीबस्ती से लोनी स्थित मध्यप्रदेश. महाराष्ट्र सीमा तक 54.13 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 8.65 किलोमीटर लंबे सीमेंट कांक्रीट मार्ग का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों, निर्माण एजेंसी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ निर्माण कार्य की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समय.सीमा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती चिटनिस ने निर्माण कार्य की प्रगति, तकनीकी गुणवत्ता, सामग्री के उपयोग एवं सुरक्षा मानकों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कार्य की गति अपेक्षा के अनुरूप नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्माण कार्य में आने वाली प्रत्येक प्रशासनिक एवं तकनीकी बाधा का तत्काल निराकरण करें।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण में बाधा बन रहे सभी विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर एवं विद्युत तारों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र स्थानांतरण किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग एवं निर्माण एजेंसी समन्वय स्थापित कर यह कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करें, ताकि निर्माण कार्य बिना किसी अवरोध के तेज गति से आगे बढ़ सके। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर से होकर गुजरने वाले इस मार्ग का निर्माण कार्य तब तक प्रारंभ न किया जाए, जब तक शनवारा से गणपतिनाका तक निर्माणाधीन मार्ग का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने निर्माण अवधि के दौरान सुदृढ़ यातायात प्रबंधन पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि कार्य प्रारंभ होने से पहले प्रभावी डायवर्जन प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से बहादरपुर से हतनूर की ओर तथा कलेक्टर कार्यालय से हतनूर की ओर यातायात को वैकल्पिक मार्गों से संचालित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो और यातायात सुचारु बना रहे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान पर्याप्त बैरिकेडिंग, संकेतक बोर्ड, रात्रिकालीन रिफ्लेक्टर, सुरक्षा व्यवस्था एवं वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। साथ ही नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे।

श्रीमती चिटनिस ने बताया कि उनके सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप बुरहानपुर के सिंधीबस्ती से लोनी स्थित मध्यप्रदेश. महाराष्ट्र सीमा तक 8.65 किलोमीटर सीमेंट कांक्रीट मार्ग निर्माण के लिए 54.13 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2024 में प्रारंभिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन डीपीआर तैयार होने के बाद 54.13 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गईए जिसके आधार पर अब निर्माण कार्य प्रगति पर है। परियोजना के अंतर्गत सिंधीबस्ती से कलेक्टर कार्यालय तक 14 मीटर चौड़ा फोरलेन मार्ग का निर्माण किया जाएगा। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय से लोनी स्थित मध्यप्रदेश. महाराष्ट्र सीमा तक 7 मीटर चौड़ा टू.लेन सीमेंट कांक्रीट मार्ग, तीन प्रमुख पुलियाओं का नवीन निर्माण, कुल 11 पुलियाओं का निर्माण, एक पुलिया का सुधार कार्य तथा चार नए बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण किया जाएगा। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेंडे, नगर निगमायुक्त संदीप श्रीवास्तव, लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन यंत्री रविन्द्र वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी अविनाश सोनी, एसडीएम श्रीमती पल्लवी पौराणिक, तहसीलदार, विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री के.एस. मालवीय, यातायात सूबेदार राजेश बड़वाल आदि उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, बलराज नावानी, नरहरी दीक्षित, प्रभाकर चौधरी, संभाजीराव सगरे, धनराज महाजन, आशीष शुक्ला, अनिल विस्पुते, गौरव शुक्ला, रितेश सरोदे, गौरव शिवहरे, योगेश महाजन, दुर्गेश शर्मा, रुद्रेश्वर एंडोले, राजकुमार वाघ, दीपक महाजन, संतोष गवई, उमेश देवस्कर आदि उपस्थित रहे।